दैनिक **न्याय साक्षी**

संपादकीय-खेल-व्यापार-धर्म- खाना खजाना- राशिफल

रायगढ़, शनिवार 23 नवम्बर 2019

www.nyaysakshi.com



## संपादकीय

# प्रदूषण पर बेफिक्री

एक तरफ राजधानी दिल्ली समेत उत्तर भारत के कई शहरों में प्रदूषण से लोगों का सांस लेना मुहाल हो रहा है, दूसरी तरफ राजनेताओं के लिए यह सियासी हिसाब चुकता करने का बहाना बन गया है। प्रदूषण की आड़ लेकर वे अपने विरोधियों को चित करने में जुटे हैं। नतीजा यह कि इस बीमारी का इलाज खोजना तो दूर, इस पर ढंग की बात भी नहीं हो पा रही। लोकतांत्रिक राजनीति में किसी मुद्दे पर पक्ष-विपक्ष का एक-दूसरे की आलोचना करना स्वाभाविक है, लेकिन इसका मकसद कोई रास्ता खोलना होता है। मंगलवार को लोकसभा में प्रदूषण पर हुई बहस तो सिर्फ एक-दूसरे की टांग खिचाई करने की कवायद भर साबित हुई।

आम जनता के जीवन से सीधे जुड़े इस मुद्दे का भी हश्र अगर यही होना है तो फिर इस व्यवस्था में दूरदृष्ट्रि के लिए कितनी गुंजाइश खोजी जाए? चर्चा में बीजेपी का सारा जोर दिल्ली की केजरीवाल सरकार को घेरने पर था। हालत यह हुई कि मौजूदा सरकार का विरोध करने के क्रम में बीजेपी सांसदों को कांग्रेस की शीला दीक्षित सरकार का गुणगान करने में भी कोई समस्या नहीं हुई। मामले का दूसरा पहलू यह रहा कि दिल्ली के कुछ सांसदों ने इस चर्चा में शामिल होना भी जरूरी नहीं समझा। हमारे सांसद प्रदूषण को लेकर कितने गंभीर हैं, इसका अंदाजा पिछले हफ्ते ही मिल गया था, जब इस मसले पर बुलाई गई संसद की स्टैंडिंग कमिटी की बैठक में 25 में से कुल 4 सदस्य पहुंचे और अधिकतर एमपी नदारद रहे।

बीजेपी की सांसद हेमा मालिनी ने संसद में प्रदूषण पर चली बहस को लेकर सांसदों के अनमनेपन पर कहा कि संभव है बाकी सांसदों के क्षेत्र में प्रदूषण कम होने के कारण वे उपस्थित नहीं हुए और दिल्ली में स्थिति ज्यादा गंभीर है इसलिए यहां के सांसदों को आना पड़ा। दरअसल प्रदूषण को लेकर देश के समूचे राजनीतिक नेतृत्व का रवैया इसी हल्केपन का शिकार है। मीडिया या जुडिशरी से इस मामले में दबाव बढ़ता है तो आनन-फानन कुछ उपाय किए जाते हैं, फिर सब इसे भूल जाते हैं। निश्चित और स्थायी उपाय के बारे में सोचा तक नहीं जाता। लेकिन ध्यान रहे, चुनौती सिर्फ कुछ इलाकों की आबोहवा ठीक करने की नहीं है।

जलवायु परिवर्तन का भयावह संकट हमारे सामने खड़ा है, जिससे निपटने के लिए कई देशों में युद्ध स्तर पर अभियान शुरू हो गया है। लेकिन हमारे लिए यह आज भी टाइमपास है और हमारे नेतागण इसे हंसी-मजाक में उड़ा देना चाहते हैं। जिन लोगों को लगता है कि प्रदूषण सिर्फ उत्तर भारत की समस्या है, उन्हें चेन्नै और केरल की बाढ़ को याद करना चाहिए और महाराष्ट्र के सूखे के बारे में भी सोचना चाहिए। मौसमों के अत्याचार से देश का कोई न कोई हिस्सा हर साल तबाह हो रहा है। हमें पर्यावरण के प्रश्न को व्यापकता में लेकर नीतिगत स्तर पर कुछ बड़े फैसले लेने होंगे, जो तभी हो पाएगा जब सभी जन प्रतिनिधि क्षुद्र राजनीति छोड़कर इस पर एकजुट हों।

# डीडीसीए मामले में दखल देने के लिए दिल्ली उच्च न्यायालय में दायर की गई याचिका

**नईदिल्ली ।** दिल्ली उच्च न्यायालय में शुक्रवार को एक याचिका दायर की गई है जिसमें दिल्ली एंव जिला क्रिकेट संघ (डीडीसीए) की मौजूदा स्थिति को लेकर 17 नवंबर को लोकपाल द्वारा दिए गए आदेश को लागू करने के संबंध में अदालत से दखल देने का अनुरोध किया गया है। इस याचिका में कहा गया है कि अदालत आदेश को लेकर प्रतिक्रिया देने वालों को रोकने के निर्देश दे।




यह मामला न्यायाधीश नवीन चावला के सामने था, जिन्होंने इसे सुनने से मना कर दिया इसलिए अब यह मामला न्यायाधीश जयंत नाथ के सामने रखा गया है। डीडीसीए के लोकपाल बादर दुरेज (सेवानिवृत) ने रविवार को संघ के अध्यक्ष रजत शर्मा का इस्तीफा मंजूर करने से इनकार कर दिया था और सचिव विनोद तिहारा को भी पद से हटाने से मना कर दिया था। लोकपाल ने अपने आदेश में कहा था कि डीडीसीए की शीर्ष परिषद इस मामले में किसी तरह का आदेश नहीं दे सकती और इसलिए इस्तीफा ठंडे बस्ते में रहेगा। इस मामले पर सुनवाई 27 नवंबर को होग।

लोकपाल ने अपने आदेश में कहा था, जिन लोगों ने इस्तीफा दिया है, वह खेल के हित को ध्यान में रखते हुए अपना काम जारी रखेंगे। लोकपाल की इजाजत और बिना किसी सही प्रक्रिया के बिना शीर्ष परिषद इस मामले में किसी तरह का प्रस्ताव पास नहीं कर सकती। पिछले शनिवार को डीडीसीए ने ट्वीट कर जानकारी दी थी कि अध्यक्ष रजत शर्मा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है।

# अप्रैल-अक्टूबर में बिजली क्षेत्र को कोल इंडिया की कोयला आपूर्ति 8.5 प्रतिशत घटी



**नई दिल्ली (आरएनएस)।** सार्वजनिक क्षेत्र की कोल इंडिया लि. (सीआईएल) की बिजली क्षेत्र को कोयले की आपूर्ति चालू वित्त वर्ष की अप्रैल-अक्टूबर की अवधि में 8.5 प्रतिशत घटकर 25.3 करोड़ टन रह गई है। एक साल पहले समान अवधि में कोल इंडिया द्वारा बिजली क्षेत्र को 27.68 करोड़ टन कोयले की आपूर्ति की गई थी। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार अक्टूबर में बिजली क्षेत्र को सीआईएल ने 3.38 करोड़ टन कोयले की आपूर्ति की, जो इससे पिछले साल के समान महीने के 4.19 करोड़ टन से 19.3 प्रतिशत कम है। भारी बारिश से कोयले का उत्पादन प्रभावित हुआ है। कोल इंडिया ने कहा है कि उसकी मौजूदा स्थिति पर नजर है, जिससे बिजली संयंत्रों को कोयले की आपूर्ति को सुगम किया जा सके। अप्रैल-अक्टूबर के दौरान कोल इंडिया का उत्पादन छह प्रतिशत घटकर 24.1 करोड़ टन रहा।

## कमजोर मांग से सोना गिरा, चांदी 815 रुपये टूटी

**नई दिल्ली (आरएनएस)।** कमजोर मांग के बीच शुक्रवार को दिल्ली में सोना 102 रुपये गिरकर 38,856 रुपये प्रति दस ग्राम पर आ गया। वहीं , चांदी 815 रुपये फिसलकर 44,949 प्रति किलोग्राम पर रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के मुताबिक , 24 कैरेट सोने का भाव बृहस्पतिवार को 38,958 रुपये प्रति दस ग्राम था। वहीं , चांदी 815 रुपये टूटकर 44,949 रुपये प्रति किलोग्राम पर रही। बृहस्पतिवार को चांदी 45,764 रुपये पर थी। अंतरराष्ट्रीय बाजार में, सोने में स्थिरता रही जबकि चांदी में मामूली बढ़त देखी गयी। सोना 1,467 डॉलर प्रति औंस पर रहा जबकि चांदी 17.15 डॉलर प्रति औंस रही। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) तपन पटेल ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बजार में , गुरुवार शाम को बिकवाली के जोर के बाद शुक्रवार को सोना 1,467 डॉलर प्रति औंस पर स्थिर चल रहा था। जियोजित फाइनेंशियल सर्विसेज के अनुसंधान प्रमुख हरीश वी. के मुताबिक, अमेरिका-चीन व्यापार समझौते को लेकर अनिश्चितता सोने की कीमतों में इस गिरावट की प्रमुख वजह है।

# रिजर्व बैंक ने डीएचएफएल के लिए तीन सदस्यीय सलाहकार समिति का गठन किया




**मुंबई (आरएनएस)।** भारतीय रिजर्व बैंक ने संकट में फंसी आवास ऋ ण कंपनी डीएचएफएल के मामले को औपचारिक रूप से दिवाला कार्रवाई के लिए भेजने से पहले शुक्रवार को एक तीन सदस्यीय समिति का गठन किया है। यह समिति डीएचएफएल के प्रशासक को सलाह देने का काम करेगी। एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के गैर कार्यकारी चेयरमैन राजीव लाल, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस के प्रबंध निदेशक एवं मुख्य कार्यकारी एन एस कन्नन और एसोसिएशंस आफ म्यूचुअल फंड्स इन इंडिया (एएमएफआई) के मुख्य कार्यकारी एन एस वेंकटेश को समिति में शामिल किया गया है। इससे पहले केंद्रीय बैंक ने सोमवार को डीएचएफएल के बोर्ड को भंग करते हुए उसे प्रशासक के तहत कर दिया था। डीएचएफएल कामकाज के संचालन में खामी और गंभीर वित्तीय संकट से जूझ रही है। इंडियन ओवरसीज बैंक (आईओबी) के पूर्व प्रबंध निदेशक आर सुब्रमण्यकुमार को प्रशासक नियुक्त किया गया है।

## चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था के अनुमान को 2.1 प्रतिशत बढ़ाया

**बीजिंग (आरएनएस)।** चीन ने अपनी अर्थव्यवस्था के अनुमान को संशोधित करते हुए 2.1 प्रतिशत बढ़ा दिया है। गणना के नतीजों के बाद चीन ने 2018 के लिए अपने सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) के अनुमान को संशोधित कर 91,930 अरब युआन या 13,100 अरब डॉलर कर दिया है। राष्ट्रीय सांख्यिकी ब्यूरो ने शुक्रवार को इस संशोधन के बारे में जानकारी दी। इससे चीन के कम्युनिस्ट नेताओं के 2010 से 2020 के दौरान देश की जीडीपी के आकार को दोगुना करने के लक्ष्य को हासिल करने की संभावना बढ़ गई है।



सरकार की योजना दुनिया की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था के जीडीपी वृद्धि के संशोधित अनुमान को भी जारी करने की है। हालांकि, सरकार की ओर यह नहीं बताया गया है कि इसे कब जारी किया जाएगा। पिछले अनुमान में 2018 में देश की जीडीपी 90,030 अरब युआन या 12,800 अरब डॉलर आंका गया था। यह 2018 में अमेरिका के 20,500 अरब डॉलर के जीडीपी से काफी पीछे है। हालांकि, 2018 में अमेरिका की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर 2.6 प्रतिशत रही थी जो चीन की तुलना में काफी कम है।

## द इम्मॉर्टल अश्वत्थामा में चौंका देगा विकी कौशल का लुक

विकी कौशल की सुपरहिट फिल्म उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक के डायरेक्टर आदित्य धर एक बार फिर उनके साथ काम करने जा रहे हैं। इस बार बनने वाली वाली का नाम द इम्मॉर्टल अश्वत्थामा होगा जो आधुनिक समय पर बनने वाली एक सुपरहीरो फिल्म होगी। इस फिल्म को उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक के प्रड्यूसर रॉनी स्क्रूवाला ही प्रड्यूस कर रहे हैं।



पिछले काफी समय से आदित्य अमेरिका में इस फिल्म की स्क्रिप्ट पर काम कर रहे हैं। फ्लिम के बारे में आदित्य ने बात करते हुए कहा, इस फिल्म को एक ही शेड्यूल में शूट किया जाएगा। इसकी शूटिंग ग्रीनलैंड, तोक्यो, न्यू जीलैंड और नमीबिया की लोकेशंस पर होगी। फिल्म में अलग-अलग देशों की टीमें काम करेंगी और पोस्ट प्रॉडक्शन के अलावा वीएफएक्स का पूरा काम अमेरिका में होगा। फिल्म की शूटिंग अगले साल के बीच शुरू होगी।

उन्होंने बताया, फिल्म उरी की तरह विकी को इस फिल्म के लिए भी काफी वजन बढ़ाना होगा लेकिन इस बार उन्हें शूटिंग के दौरान ही इसे काफी घटाना भी होगा। विकी का लुक इस बार ऑडियंस को पूरी तरह चौंका देगा। आदित्य ने बताया कि उन्होंने विकी और रॉनी को उरीः द सर्जिकल स्ट्राइक की रिलीज से पहले ही इश फिल्म का नरेशन दिया था और दोनों तुरंत इसके लिए राजी हो गए थे।

## अजय देवगन और काजोल की बेटी न्यासा अब अपने टोन्ड ऐब्स को लेकर आईं चर्चा में


अजय देवगन की बहुप्रतीक्षित फिल्म तान्हाजीः द अनसंग वॉरियर का ट्रेलर आते दर्शकों के दिलों में उतर गया। ट्रेलर रिलीज़ से पहले फिल्म का एक नया पोस्टर जारी किया गया था, जिसमें काजोल भी नजर आ रही हैं। ट्रेलर लॉन्च पर ऐसा लग रहा था कि काजोल भी दिखेंगी, लेकिन इवेंट में उनकी गैरमौजूदगी फैन्स को अखर गई। हालांकि, इस इवेंट के बाद ही काजोल अपनी बेटी न्यासा के साथ एयरपोर्ट पर नजर आईं, जिससे साफ हो गया कि वह ट्रेलर लॉन्च पर क्यों नहीं मौजूद थीं।

काजोल ऑरेंज प्रिंटेड पंजाबी सूट में काफी यंग दिख रही थीं, लेकिन जो सबका ध्यान आकर्षित कर रही थी वह थी न्यासा। दरअसल, अपने टोन्ड ऐब्स की वजह से वह आकर्षण का केन्द्र बनी रहीं। न्यासा यहां अपने स्टाइलिश अवतार में नजर आई। लो वेस्ट जीन्स के साथ क्रॉप टॉप में काफी जंच रही थीं न्यासा। वह एयरपोर्ट से काजोल के साथ अपनी मां के साथ जा रही थीं।



न्यासा यहां नो मेकअप लुक में काफी प्यारी दिख रही हैं और उनका लुक व अंदाज़ उनकी मां काजोल की यंग लुक की याद दिला रही थी। न्यासा फिलहाल सिंगापुर से अपनी पढ़ाई पूरी कर रही हैं।

## आज जीवन बेहद जटिल है : शिल्पा शेट्टी



अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा ने कहा कि लोग अपने रिश्तों पे बेहद दबाव डालते हैं, जिसके चलते आज जीवन बेहद जटिल बन गया है। शिल्पा ने बिजनेसमैन राज कुंद्रा से शादी की और उनका एक बेटा भी है। वूट के फिटनेस चैट शो टिकटॉक प्रजेंट्स वर्क इट अप में यहां होस्ट सोफी चौधरी के साथ अभिनेत्री ने प्यार को लेकर अपने विश्वास के बारे में बात की। इस कार्यक्रम के एक सेगमेंट में उन्होंने कहा कि 1990 के दशक में प्यार काफी सरल था। शिल्पा बोलीं, हमारे पास फोन नहीं हुआ करते थे। मोबाइल 1990 के अंत तक आया और शायद मुझे कहना चाहिए 1990 के पहले..अगर मैं गलत नहीं कह रही हूं तो 1996 तक यह पहुंच से बाहर था और महंगा भी था। यह पूछे जाने पर कि क्या 1990 के युग में प्यार साधारण था? शिल्पा ने कहा, हां, हम नंबर डायल कर व्यक्ति को ब्लैंक कॉल किया करते थे।

## आज का राशिफल

*मेषः-* व्यापार में प्रगति से आपको काफी हर्ष होगा। वैवाहिक जीवन आज आनन्ददायक बीतेगा। विद्यार्थियों को बौद्धिक और मानसिक बोझ से छुटकारा महसूस होगा। पत्नी व बच्चों के साथ आस-पास की यात्रा का योग है।

*वृषभः-* किसी अधिकारी से वाद-विवाद होने पर कानूनी पक्ष नया मोड़ ले सकता है। सायंकाल के समय योजनापूर्ति से लाभ होगा। अचानक व्यवसाय से संबंधित अतिथि के आ जाने से खर्चा बढ़ सकता है।

*मिथुनः-* आज जो भी काम आप करेंगे सरलता बन जाएगा। व्यर्थ के कार्यों में समय बर्बाद न करें। खर्च में कटौती करना बहुत आवश्यक है।

*कर्कः-* धन प्राप्ति से कोष वृद्धि होगी। नौकरी वाले जातकों के अधिकारों में वृद्धि होगी। दूसरों की मदद करने से सकून मिलेगा।

*सिंहः-* सांसारिक सुख भोग, सम्मान वृद्धि, भाग्य विकास का सुयोग तो चल ही रहा है, नई खोजों में भी रूचि बढ़ेगी। आपके खर्चे कम हो जाने से आपकी अर्थव्यवस्था मजबूत होगी। अच्छे वाहन का सुख प्राप्त होगा।

*कन्याः-* आज किसी प्रिय व्यक्ति के स्वास्थ्य को लेकर आप चिंतित रहेंगे। काम का भार भी आज कुछ ज्यादा अनुभव करेंगे। आपने जूनियर्स से काम निकालने के लिए प्यार से काम निकालना होगा।

*तुलाः-* आज का दिन मिलाजुला प्रभाव रखेगा। किसी भी मामले में फैसला जल्दबाजी में न करें। व्यक्ति गत मतभेदों को व्यावसायिक मामलों के बीच में लाने से हानि हो सकती है।

*वृश्चिकः-* आज आपकी अपने साथियों के बीच लोकप्रियता बढ़ेगी। किसी राजनयिक से निकटता व दोस्ती होगी और उसके अनुभव का लाभ भी आपको होगा। विद्यार्थियों अपना समय अध्ययन में लगाएं।

*धनुः-* आज आपके विरोधी परास्त होंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। राजनैतिक सहयोग भी मिलेगा लेकिन वाणी पर संयम रखें।

*मकरः-* आज आपको कोई उपहार या सम्मान का लाभ मिलेगा। कोई पुरानी महिला मित्र से अकस्मात् धन लाभ का हर्ष हो सकता है। रोजी-रोजगार की दिशा में भी सफलता मिलेगी।

*कुंभः-* लक्ष्मी की बड़ी मात्रा में प्राप्ति से कोष वृद्धि कारक है। अपनी उत्तम कार्यशैली व मृदु व्यवहार का आज भी आपको लाभ मिलेगा। दूसरों से सहयोग लेने में आप सफल होंगे।

*मीनः-* आज सुबह से ही भागदौड़ रहेगी। किसी मंगलमय या धार्मिक आयोजन की व्यवस्थाओं में व्यस्त रहेंगे। पिता व उच्चाधिकारियों से शाबासी मिलेगी।

# झटपट से बनने वाली आसान डिश है 'मटर चाट', जानिए बनाने की रेसिपी

### सामग्री :

हरी मटर- 250 ग्राम, प्याज -2 बारीक कटा, टमाटर- 2 बारीक कटे, हरी मिर्च- 2-3 बारीक कटी, अदरक- 1 इंच टुकड़ा कद्दूकस किया हुआ, हल्दी पाउडर- 1 चम्मच, चाट मसाला- 1 चम्मच, जीरा पाउडर- 2 चम्मच, लाल मिर्च पाउडर- 1/2 चम्मच, नमक- स्वादानुसार, इमली का रस- 2 चम्मच, दही- 4 चम्मच, सेव भुजिया- 100 ग्राम, हरी धनिया बारीक कटी



### विधि :

मटर को कुकर में 2 सीटी आने तक उबाल लें।

अब एक बाउल में मटर डालें।

जितने लोगों के लिए चाट बनाना है उतने प्लेट में 4 से 5 चम्मच मटर डालें।

इसके ऊपर कटा प्याज, टमाटर, हरी मिर्च, कद्दूकस किया अदरक, चाट मसाला, लाल मिर्च पाउडर, भूना जीरा पाउडर और स्वादानुसार नमक डाल लें।

इसके ऊपर सेव भुजिया या कोई भी नमकीन डाल सकती हैं।

इमली की चटनी इसका स्वाद बढ़ाने के लिए डालें।

अब बस ऊपर से कटी हरी धनिया डालकर गरमा-गरम सर्व करें।


## शब्द सामर्थ्य- 52

**बाएं से दाएं**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. गाना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भष्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सौ का पाचंवा हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 51 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| वि | ज | य | | ब | नि | या | | दे |
| वा | | ती | त | र | | रा | जी | व |
| ह | मा | म | | स | प | ना | | ता |
| | न | | | | टा | | | |
| दा | व | त | | वि | ना | श | | अ |
| य | | ह | त्या | | | ह | जां | ना |
| रा | ह | त | | न | ज | र | | व |
| | वा | | | | मी | | ना | श्य |
| दु | ला | रा | | जा | न | की | | क |

## सू-दोकू- 52

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 3 | | 7 | | | | 2 | 1 |
| 2 | | | | 9 | | 4 | | |
| | 7 | | 1 | | | | 5 | |
| | | 1 | | 5 | | 2 | | 7 |
| | 5 | | | | 4 | | | |
| | | 4 | | 1 | | 8 | | 5 |
| | | | | | 1 | | | |
| 1 | | 5 | | 3 | | 9 | | |
| | 2 | | 6 | | 5 | | 1 | |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र. 51 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 9 | 5 | 1 | 6 | 3 | 2 | 4 | 7 |
| 3 | 2 | 1 | 9 | 7 | 4 | 8 | 6 | 5 |
| 4 | 7 | 6 | 2 | 5 | 8 | 3 | 9 | 1 |
| 7 | 6 | 9 | 5 | 2 | 1 | 4 | 3 | 8 |
| 1 | 8 | 3 | 4 | 9 | 7 | 6 | 5 | 2 |
| 2 | 5 | 4 | 8 | 3 | 6 | 1 | 7 | 9 |
| 5 | 3 | 8 | 7 | 4 | 2 | 9 | 1 | 6 |
| 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 9 | 5 | 2 | 4 |
| 9 | 4 | 2 | 6 | 1 | 5 | 7 | 8 | 3 |